उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)

Uttarakhand Open University

**Ref. No. UOU/R1/Hotel/Empanel/22-23/67**

**Date: 14 / 06 /2022**

## निविदा सूचना

विश्वविद्यालय में आने वाले अतिथियों के ठहरने/भोजन व्यवस्था हेतु होटलों को सूचीबद्ध (Empanel) करने के लिये मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 05.07.2022 अपराह्न 03:00 बजे तक है। इच्छुक निविदादाता विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uou.ac.in पर इसका विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

कुलसचिव

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)

Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/R1/Hotel/Empanel/22-23/67
Date: 14 / 06 /2022

## विश्वविद्यालय में आने वाले अतिथियों के ठहरने/भोजन व्यवस्था हेतु होटलों को सूचीबद्ध (Empanel) करने के लिये निविदा प्रपत्र

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | रूपया 250.00 (दो सौ पचास) मात्र। |
| धरोहर धनराशि | रूपया 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 05.07. 2022 अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि/समय | 06.07.2022 अपराह्न 03:00 बजे। |

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)

Uttarakhand Open University


**Ref. No. UOU/R1/Hotel/Empanel/22-23/67**
**Date: 14 / 06 /2022**

(लिफाफा–1)

टेक्नीकल बिड

होटलों को सूचीबद्ध करने के लिये निविदा

प्रपत्र –1

| क्रम0 सं0 | विवरण | हॉं / नही | संलग्न की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | सराय एक्ट में पंजीकरण | | |
| 02 | खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में पंजीकरण | | |
| 03 | सेवाकर विभाग में पंजीकरण | | |
| 04 | पेन कार्ड संख्या | | |
| 05 | जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या | | |
| 06 | धरोहर राशि रू 5000.00 का विवरण<br>डी0डी0 नम्बर<br>दिनांक<br>बैंक का नाम | | |
| 07 | निविदा प्रपत्र राशि रू 250.00 का विवरण<br>डी0डी0 नम्बर<br>दिनांक<br>बैंक का नाम | | |
| 08 | 05 A.C. कक्ष होने का प्रमाण (होटल के पैड पर प्रमाण पत्र ) | | |
| 09 | अतिथियों को लाने एवं जाने के लिये Pick & Drop की सुविधा<br>(होटल के पैड पर प्रमाण पत्र ) | | |
| 10 | सरकारी संस्थान में Black list नही होने का प्रमाण पत्र<br>(होटल के पैड पर प्रमाण पत्र ) | | |
| नोट समस्त प्रपत्रों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। | | | |

मैं लिखित रूप से अपनी सहमति देता हूँ कि निविदा की सभी नियम व शर्तें मुझे मान्य है। यदि मुझे आदेश निर्गत किया जाता है तो मैं 100 रूपये के गैर अदालती स्टैम्प पेपर पर औपचारिक अनुबंध करने के लिये राजी हूँ।

निविदादाता फर्म / होटल का नाम :

होटल स्वामी का नाम एवं हस्ताक्षर :

होटल स्वामी / सक्षम अधिकारी का नाम एवं फोन नम्बर :

पत्राचार का पता :

ई–मेल :

निविदा समिति के हस्ताक्षर:

01.

02.

03.

04

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
## Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/R1/Hotel/Empanel/22-23/67
Date: 14 / 06 /2022

(लिफाफा–2)

**वित्तीय बिड**
होटलों को सूचीबद्ध करने के लिये निविदा
प्रपत्र –2

| CATEGORY | OCCUPANCY | EP* | CP* | MAP* | Rate |
|---|---|---|---|---|---|
| Deluxe Room | Single INR. | | | | ---- |
| Deluxe Room | Double INR. | | | | ---- |
| Executive Room | Single INR. | | | | ---- |
| Executive Room | Double INR. | | | | ---- |
| *EP=Without Breakfast, CP=With Breakfast,<br>MAP=With Breakfast and one major meal (Dinner or Lunch) | | | | | ---- |
| **Wash and change charges** (only wash & change with refreshment up to 4 hour) | | | | | |
| **Packed Veg Thali** (Roti/Prantha, Dall, Paneer, Seasonal Vegetabel, Rayta, Salad, Aachar & one Sweet) | | | | | |
| **Conference Hall Rent** (Minimum Gathering 150-200 persons) | | | | | |

निविदादाता फर्म/होटल का नाम :

होटल स्वामी का नाम एवं हस्ताक्षर :

होटल स्वामी/सक्षम अधिकारी का नाम एवं फोन नम्बर :

पत्राचार का पता :

ई–मेल :

निविदा समिति के हस्ताक्षरः

01.

02.

03.

04

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)

Uttarakhand Open University

**Ref. No. UOU/R1/Hotel/Empanel/22-23/67**

**Date: 14 / 06 /2022**

## नियम एवं शर्ते

01. निविदाएं सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए। सीलबंद निविदाओं के कवर पर होटल को सूचीबद्ध (Empanel) करने लिये निविदा लिखा होना चाहिए। निविदाकर्ता व्यक्तिगत अथवा पंजीकृत डाक से **दिनांक 05.07.2022 सांय 03:00बजे** तक कुलसचिव कार्यालय अथवा कुलसचिव उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय मार्ग, निकट ट्रान्सपोर्ट नैनीताल, उत्तराखण्ड पर निविदाएं जमा करा सकते हैं।

02. निविदादाता के पास कम से कम 05 A.C. कक्षों का होना अनिवार्य है।

03. निविदादाता फर्म के पास विश्वविद्यालय के अतिथियों को रेलवे अथवा बस अड्डे से लाने एवं लेजाने के लिये Pick and Drop की सुविधा होना आवश्यक है।

04. निविदादाता फर्म को किसी सरकारी संस्थान में प्रतिबंधित नही होना चाहियें, इसका प्रमाण पत्र अपने लेटर पैड पर देना अनिवार्य होगा।

05. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि 5,000.00 (पाँच हजार मात्र) एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू 250.00 के दो बैंक ड्राफ्ट उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के नाम संलग्न होने चाहिये।चैक अथवा नगद किसी भी दशा में स्वीकार नही किया जायेगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाले प्रस्तावों/निविदा अस्वीकार्य है तथा ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार नही किया जायेगा। अस्वीकृत निविदाओं की धरोहर राशि निविदा खोलने के 30 दिनों के भीतर निविदाकर्ताओं को वापस कर दी जायेगी तथा कोई ब्याज देय नही होगा।

06. एक निविदादाता एक ही निविदा जमा कर सकता है। निविदा एक बड़े सीलबंद लिफाफे में दो लिफाफो जिसमें तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड लिख प्रस्तुत करनी होगी। तकनीकी बिड के निरस्त होने पर वित्तीय बिड पर विचार नही किया जायेगा।

07. दस्तावेजों का पूरा सेट जमा जाना चाहिये और निविदा दस्तावेजों से कोई भी हिस्सा हटाया नही जाना चाहिए। समस्त निविदा प्रपत्रों पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं।

08. वित्तीय बिड में दरों का अंकन, अंको एवं शब्दो में किया जाना होगा। शब्दों एवं अंको में अन्तर होने पर शब्दों में अंकित राशि को ही स्वीकार किया जायेगा।

09. निविदादाता की कोई शर्त स्वीकार्य नहीं होगी। नियम शर्तों के अनुरुप निविदा प्रस्तुत न किये जाने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अपूर्ण निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि के बिना प्रस्तुत निविदा रद्द कर दी जायेगी।

10. निविदादाता फर्म सराय एक्ट में पंजीकरण होना आवश्यक है (प्रतिलिपि तकनीकी बिड के साथ संलग्न करें) ।

11. निविदादाता फर्म का खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में पंजीकरण होना आवश्यक (प्रतिलिपि तकनीकी बिड के साथ संलग्न करें)।

12. निविदादाता फर्म को सेवाकर विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है (प्रतिलिपि तकनीकी बिड के साथ संलग्न करें) ।

13. निविदादाता फर्म के आयकर पंजीकरण की प्रति तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा।

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)
Uttarakhand Open University


**Ref. No. UOU/R1/Hotel/Empanel/22-23/67**
**Date: 14 / 06 /2022**

14. जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रति तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा।

15. यह अनुबन्ध प्रथमतः एक वर्ष के लिए किया जायेगा जिसे परस्पर सहमति के उपरान्त अनुबन्ध की दरों एवं शर्तो को अपरिवर्तित रखते हुए निश्चित अवधि तक के लिए बढाया जा सकता है।

16. भुगतान–बीजक का भुगतान बिल प्रस्तुत करने के 01 माह के अन्तराल में किया जायेगा। बीजक के साथ आदेश संलग्न करना आवश्यक होगा।

17. निविदा में दिए गए पते को निविदाकर्ता का पता माना जाएगा और उस पते पर भेजा गया पत्राचार निविदादाता को दिया माना जायेगा। पत्राचार वापस प्राप्त होने की दशा में जमा राशि जब्त करने के कारण के लिये कोई दावे पर विचार नही किया जायेगा।

18. सफल निविदादाता को 100.00 रूपये के नोन ज्यूडीसियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध निष्पादित कर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी को उपलब्ध कराना होगा।

19. सफल निविदादाता फर्म अनुबन्ध समय सीमा के अन्तर्गत अगर संतोषजनक सेवा देने में असफल होती है तो फर्म की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

20. उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य शर्त अपरिहार्य होगी तो बिड खोलने से पूर्व समस्त निविदाकर्ताओ को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा नोटिस बोर्ड में लगा दी जायेगी।

21. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी को फर्म द्वारा उचित सेवायें न देने पर अल्पकालीन नोटिस देने के साथ फर्म को काली सूची (Blacklisted) में डालने का पूर्ण अधिकार होगा।

22. प्रस्तुत सीलबंद निविदाएं दिनांक 06.07.2022 को सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खोलने के निर्धारित दिन, अगर किसी अप्रत्याशित कारण से अवकाश की घोषणा की जाती है तो निविदा तत्काल अगले कार्यदिवस सांय 3.00 बजे खोली जायेगी।

23. (लिफाफा–1) टेक्नीकल बिड में संलग्न प्रपत्रों को पेज अंकन सहित अंकित कर संलग्न किया जाना आवश्यक होगा।

24. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

25. किसी भी वाद की दशा में न्यायिक क्षेत्र माननीय उच्च न्यायालय, नैनीताल होगा।

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी

हल्द्वानी (नैनीताल)